# समाचार

## 286 लाख रू. से रामसागरपारा में सड़क डामरीकरण कार्य प्रारंभ

**(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कराया काम का विधिवत शुभारंभ, कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश)**

कोरबा 21 नवम्बर 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में 286 लाख रूपये की लागत से सड़कों के डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर उक्त कार्य का विधिवत शुभारंभ कराया तथा डामरीकरण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 01 करोड 45 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में रोड डामरीकरण पार्ट–1 का कार्य तथा 01 करोड़ 41 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में रोड डामरीकरण पार्ट–2 का कार्य कराया जाना हैं, जिसका विधिवत शुभारंभ आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा किया गया। उन्होने पूजा अर्चना की एवं नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ कराया तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम अपने क्षेत्र के अंतर्गत जीर्ण–शीर्ण व मरम्मत योग्य सड़कों के जीर्णोद्धार एवं उनके नवनिर्माण के लिए तेजी के साथ कार्य कर रहा है, इस दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य किए जा चुके हैं तथा जिन सड़कों का डामरीकरण व जीर्णोद्धार अभी शेष है, उन पर भी शीघ्र ही कार्य किए जाएंगे। उन्होने कहा कि सड़क, नाली, पानी, बिजली की समुचित उपलब्धता मेरा प्रमुख उद्देश्य है तथा निगम इसी उद्देश्य को पूर्ण करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

<u>सड़कों की हालत में हुआ अपेक्षित सुधार</u>– कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित सड़कों की हालत में तेजी के साथ अपेक्षित सुधार हुआ है, निगम ने सड़कों के जीर्णोद्धार, पुनर्निर्माण, नवनिर्माण एवं सड़क डामरीकरण के कार्य प्राथमिकता के साथ कराए हैं, जिससे आवागमन सुविधाजनक हुआ है, लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिली है, मैं इसके लिए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं। उन्होने कहा कि महापौर ने जिस उद्देश्य के साथ निगम की कमान संभाली थी, मुझे खुशी है कि उन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु तेजी के साथ कार्य हुए हैं, जनसमस्याओं का त्वरित

निराकरण हुआ है तथा सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं पर व्यापक पैमाने पर कार्य किए गए हैं। उन्होने आगे कहा कि आज वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में 286 लाख रूपये के डामरीकरण के कार्य प्रारंभ कराए गए हैं, इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में सड़कों की दशा सुधारने की दिशा में कितने अधिक स्तर पर काम किए गए होंगे।

बहुप्रतीक्षित कार्य आज पूरा हुआ– इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्री रवि महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामसागरपारा की इन जीर्ण–शीर्ण सड़कों के डामरीकरण का कार्य आज प्रारंभ किया गया, निश्चित रूप से इससे वार्ड का बहुप्रतीक्षित कार्य आज पूरा हुआ है, इसके पूर्व भी वार्ड में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं, इस डामरीकरण कार्य के पूर्ण हो जाने के पश्चात वार्ड की सड़कों पर आवागमन अत्यंत सुविधाजनक हो जाएगा, मैं इसके लिए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल को वार्डवासियों की ओर से धन्यवाद देता हूं।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन कांउसिल सदस्य दिनेश सोनी व मनकराम साहू, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद रवि महाराज, मनीष शर्मा, रवि सिंह चंदेल व मदन सिंह कंवर, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, वरिष्ठ नागरिक महेश भावनानी, श्यामसुंदर सोनी, दुकालू श्रीवास, छबि वाल्मिकी, संतोष लांझेकर, गणेशदास महंत, कन्हैया सोनी, अनुप जायसवाल, मनोज साहू, संतोष मोदी, शाहिदा कुरैशी, कुसुम गुप्ता, राधा विश्वकर्मा आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।